# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शनिवार, 30 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 48, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से हो पालन : मुख्यमंत्री

### यातायात नियमों के पालन के लिए जनजागरूकता अभियान का प्रभावी ढंग से हो क्रियान्वयन, सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में प्रदेश के सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के उपायों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के लिए दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के उपयोग तथा वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जनजागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाने, जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए निर्माणाधीन ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट्स का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में परिवहन विभाग द्वारा तैयार कराया गया च्बस संगवारी एपज्ज् लांच किया और परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर प्रकाशित पोस्टर का विमोचन किया। बैठक में जानकारी दी गई कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक



के राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद की पाठ्यपुस्तकों में सड़क यातायात नियमों से संबंधित अध्याय पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। बैठक में बताया गया कि यातायात व्यवस्था का इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर में किया जा रहा है। भिलाई और दुर्ग में यह व्यवस्था आंशिक रूप से संचालित है। सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक 101 ब्लैक स्पॉट और 748 जंक्शन के सुधार कार्य पूर्ण किए गए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना 40 प्रतिशत तक कम हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग द्वारा 6 लाख 70 हजार से अधिक तथा पुलिस विभाग द्वारा 4 लाख 87 हजार से अधिक चालानी कार्यवाही की गई है। 01 जनवरी 2023 से 31 अक्टूबर 2024 तक 7826 वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित किया गया है। 8 दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों राजनांदगांव, धरसींवा अभनपुर, पाली, सिमगा, सुकमा, बेमेतरा और पत्थलगांव में ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। 14 हजार 261 वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस, 72 हजार से अधिक वाहनों में स्पीड गवर्नर तथा 2200 बसों में पेनिक बटन लगाए गए हैं। बैठक में ब्लैक स्पॉट की पहचान, सुधार की कार्यवाही, सड़कों में यातायात संकेतक, होर्डिंग्स हटाने, फुटपाथ, पार्किंग, सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने आदि कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, श्री बसव राजू एस. और श्री राहुल भगत, परिवहन विभाग के सचिव श्री एस. प्रकाश, आबकारी सचिव श्रीमती आर. संगीता, एडीजी ट्रेफिक श्री प्रदीप गुप्ता, अपर परिवहन आयुक्त श्री डी. रविशंकर उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से केन्द्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज शाम उनके निवास में छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए केन्द्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री श्री वी.



सोमन्ना ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री सोमन्ना का छत्तीसगढ़ में स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना से राज्य में रेल परियोजनाओं के विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव द्वय श्री पी. दयानंद और डॉ. बसवराजु एस, मंडल रेल प्रबंधक रायपुर श्री संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने सौंपा ज्ञापन

### प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव । प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर जमीन मोर मकान बनाने की सपना देख रहे गरीबों के हितार्थ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, सूबे के मुखिया माननीय श्री विष्णु देव साय जी के नाम कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव गंज मंडी स्थित सिल्वर स्क्रिन में द-साबरमती स्टोरी शो देखकर लौटते वक्त उन्हें भी जनहित में ज्ञापन सौंपा गया। श्री गुप्ता ने बताया कि पिछले डेढ़ साल पूर्व शहर के लोगों के द्वारा नगर निगम पालिक राजनांदगांव मोर जमीन मोर मकान प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्का मकान बनाने के लिए आवेदन पत्र जमा किया गया था।जिसमें आवेदकों की संख्या लगभग 1648 है।यह आवेदक अपने आवेदन के (छ्ळक्र) पास होने के लिए दो वर्ष से कतार में लगें है!चूंकि अब प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का श्री गणेश हो चुका है।हितग्राही अपने आवेदन के बारे में जानकारी लेने नगर पालिक निगम राजनांदगांव पहुंच रहें तो उन्हें फिर से आवेदन फार्म जमा करने कहा जा रहा है और पूराने आवेदन पत्र निरस्त होने की बात कही जा रही है।माननीय महोदय जी ऐसे में साल दो साल से पक्के मकान बनाने के सपने देख रहे गरीबों के लिए यह किसी वज्रपात से कम नहीं हैं?वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना2.0 में दो नई शर्ते जोड़ दी गई है जाति प्रमाणपत्र एवं आय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता।जिससे आवेदकों भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यशस्वी नेतृत्व के धनी संवेदनशील प्रधानमंत्री आपसे जनहित में करबद्ध प्रार्थना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत भराए जा रहे नये फार्म जमा करने में जाति प्रमाणपत्र एवं आय प्रमाण पत्र के मापदंडों (शर्तो) को खत्म करने तथा नगर पालिक निगम राजनांदगांव प्रशासन के पास पेंडिंग 1648 आवेदन पत्रों को निरस्तीकरण पर रोक लगाकर 1648 प्रधानमंत्री आवास योजना को मंजूरी (छ्ळक्र) दे।

## ओमप्रकाश साहू मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित , साहित्यकारों, लोककलाकारों सहित विभिन्न संगठनों ने बधाई दी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइंस रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल , विधायक एवं पद्मश्री अनुज शर्मा, संस्कृति विभाग के संचालक पी. अलबन, संस्कृति विभाग के सचिव विवेक आचार्य, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डा अभिलाषा बेहार, सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, सुप्रसिद्ध इतिहासकार , पुरातत्वविद् रमेन्द्रनाथ मिश्र की गरिमायी उपस्थित में साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष, पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, छुरिया और साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव के संयोजक, छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति राजनांदगांव,छत्तीसगढ़ी लोकाक्षर, छंद के छ परिवार छत्तीसगढ़ , राष्ट्रीय कवि संगम के सदस्य ओमप्रकाश साहू अंकुर की गद्य कृत पुरखा के सुरता का विमोचन किया फिर राजकीय शाल , श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर साहित्य के क्षेत्र में बेहतर योगदान हेतु साहित्यकार सम्मान प्रदान किया। ओमप्रकाश



साहू अंकुर को इस उपलब्धि पर प्रदेश सहित जिले के साहित्यकारों , कलाकारों और, मित्रों,शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। ओमप्रकाश को बधाई देने साहित्यकारो, लोककलाकारों में कुबेर सिंह साहू, छंदविद् अरूण कुमार निगम ,डा. पीसी लाल यादव, महेश कुमार शर्मा,आत्मा राम कोशा अमात्य, शत्रुघ्न सिंह राजपूत, प्यारे लाल देशमुख,लखन लाल साहू लहर, महेन्द्र कुमार बघेल मधु, वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू,संतू राम गंजीर,अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, गिरीश ठक्कर, रोशन लाल साहू,थनवार निषाद सचिन, राज कुमार चौधरी रौना, जितेन्द्र कुमार वर्मा खैरझिटिया, बलराम चंद्राकर,फकीर प्रसाद साहू फक्कड़,हीरा दास साहू, फागू दास कोसले,कुलेश्वर दास साहू, पवन यादव पहुना, धर्मेंद्र पारख मीत, दिलीप कुमार साहू,नंद किशोर साव नीरव, सिया राम साहू,कैलाश साहू कुंवारा,राम कुमार चंद्रवंशी, शेर सिंह गोड़िया आदिवासी, अरविंद कुमार लाल, गोविंद साव, ईश्वर साहू, कुंज राम साहू, राम कुमार साहू, राज कुमार मस्खरे,दूज राम साहू,यशवंत साहू, लविन्द्र साव , माधव साहू,ग्वाला प्रसाद यादव नटखट, अरविंद कुमार लाल,शिव प्रसाद लहरे, भूपेन्द्र कुमार साहू सृजन, भूपेन्द्र कुमार साहू प्रभात,हेम लाल सहारे, नंद कुमार साहू, कोमल सिंह गुरू, अमृत दास साहू,मदन मंडावी, अमिताभ दुफारे, प्रीतिबाला लाटिया, राजेन्द्र कुमार साहू,दिनेश कुमार कुरेटी,रमेश कुमार मंडावी, दुर्गेश सिंहा दुलरवा, प्रहलाद मिश्रा,बेदराम पटेल, पदमा साहू,शैल शर्मा, माला गौतम,सुजाता साहू, अंजलि साहू,वासुदेव साहू,डोहर दास साहू, याद दास साहू, राम खिलावन साहू,रीमन कुमार साहू,रुपल साहू,एस कुमार साहू, रमेश कुमार साहू, राजेन्द्र साहू, खुमेश कुमार साहू, चुरामन पटेल एवं अन्य लोग सम्मिलित है। ओमप्रकाश साहू को साकेत साहित्य परिषद सुरगी, छंद के छ परिवार छत्तीसगढ़,पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, छुरिया, छत्तीसगढ़ी लोकाक्षर,छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति, राष्ट्रीय कवि संगम, जिला साहू संघ, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षक फेडरेशन, मंडल साहू संघ मुड़पार, सुरगी इत्यादि संगठन से जुड़े लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## पदुमतरा से डुमरडीहकला तक बाइक रैली आज

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक के पदुमतरा में दिनांक 30 नवंबर, दिन-शनिवार को श्रीराम-जानकी, शिव मंदिर से डुमरडीहकला तक भव्य बाइक रैली का आयोजन श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति, डुमरडीह कला सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर एवं क्षेत्रवासियों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया दिनांक 30 नवंबर, दिन-शनिवार को दोपहर 2 बजे आचार्य पंडित युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर का आगमन श्री राम मंदिर में होगा। सभी पूजा-अर्चना कर, बाजे-गाजे के साथ सैकड़ों बाइक रैली के माध्यम से पदुमतरा से डुमरडीहकला तक धर्मप्रेमी बाइक रैली में शामिल होंगे।



## राज्य स्तरीय सुन्दर काण्ड गायन में युगांतर द्वितीय

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने राज्य स्तरीय सुंदर कांड गायन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम का गौरवान्वित किया है। उक्त राज्य स्तरीय सुंदर कांड प्रतियोगिता गायत्री विद्यापीठ में आयोजित हुई थी। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में श्रुति पर्यानी के ओजस्वी व्याख्यान और विपुल सोमकुंवर, मोक्ष जैन एवं गरिमा झाम्ब, अंकिता राय, ऋद्धिमा झा, राशि जोशी, आराध्या जैन, वर्णिका तिवारी के भक्ति-भाव पूर्ण गायन ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया। इसकी बदौलत इन सभी विद्यार्थियों को अविस्मरणीय सफलता प्राप्त हुई। विद्यार्थियों के व्याख्या पक्ष को तैयार करने में हिंदी विभागाध्यक्ष वी.एन. राय ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी तरह संगीत पक्ष को तैयार करने में संगीत शिक्षक गोपी प्रसाद पटेल, अक्षय केहरी , आकांक्षा चतुर्वेदी, टी विशाल व लवली पॉल ने भी संयुक्त रूप से महती भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मधु पी चौधरी , चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने बधाई दी है।



## गौरव पथ स्थित शासकीय नर्सिंग हास्टल के पीछे जोगी नगर झुग्गी बस्ती में अवैध रूप से निवासरत परिवारों को स्वयं के आवास का सपना सकार करने निगम की टीम ने दी समझाईश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** देश के आवासहीन व बेघर सभी जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने एवं उनके जनजीवन को संवारने के लिए शासन द्वारा प्रधानमंत्री योजना का क्रियान्वयन विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है। आवासहीनों के लिये एकमात्र योजना जिसके माध्यम से परिवार अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को शासन के सहयोग से पूरा करता है। उद्देश्य की पूर्ति के लिये नगर निगम का प्रधानमंत्री आवास कार्यालय योजना का लाभ निगम सीमा क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को दिलाने कटिबद्ध है। जिसके तहत अस्थाई रूप से चिन्हांकित झुग्गी बस्तियों में निवासरत परिवारों को मोर मकान मोर चिन्हारी (एएचपी) योजना में व्यवस्थापन के तहत आवास उपलब्ध कराने तथा योजना का एक अन्य घटक मोर जमीन मोर मकान (बीएलसी) जिसके तहत स्वयं की जमीन पर पक्का आवास निर्माण करने हेतु शासन की ओर से स्तरबद्ध निर्माण अनुसार राशि हितग्राहियों के बैक खाते में सीधे राशि जमा करायी जाती है, ताकि उन्हें स्वयं का पक्का आवास मिल सके। योजना के मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत डबरी पारा, मोती तालाब, बजरंग नगर, शंकरपुर तालाब, इंदिरा सरोवर,पुराना गंज चौक,रेल्वे ओव्हर ब्रिज के नीचे आदि स्थानों पर अवैध रूप से अस्थाई तौर पर निवासरत 381 परिवारों को लखोली, मोहारा,रेवाडीह में निर्मित सर्वसुविधा युक्त बहुमंजिला आवासों में मात्र 75 हजार के आसान किस्तों में आवास की सुविधा प्रदान की गयी। इसी कडी में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आज वार्ड क्रमांक 39 गौरव पथ स्थित शासकीय नसिंग हास्टल के पीछे जोगी नगर में निवासरत परिवार जो नाले के किनारे सिंचाई की जमीन पर बसे है,नाले



के किनारे बस्ती होने के कारण इन्हें स्थाई पट्टे शासन से प्राप्त नहीं होने से यह अस्थाई तौर पर 50 से 60 परिवार आवास निर्माण कर झुग्गी बस्ती के रूप में पिछले 30 से 40 वर्षो से यहां निवास कर रहे हैं। इन्हीं कच्चे झोपड़ी नुमा छोटे असुविधाजनक घरो में निवासरत परिवारों से आज प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी एचपी के तहत व्यवस्थापन अंतर्गत इनको सुंदर स्वच्छ वातावरण में सर्व सुविधा युक्त अच्छे आवास प्रदान करने के लिए आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री ईमरान खान के नेतृत्व में आवास योजना की टीम इन परिवारों के बीच में जाकर योजना के संबंध में उन्हें जानकारी दी गई एवं अच्छे घर में अच्छे वातावरण में स्वंय के आवास का सपना सकार करने समझाईस दी गयी। निवासरत परिवारों को टीम द्वारा बताया गया कि नाले के किनारे अवैध रूप से निवास करने पर पट्टा नहीं दिया जायेगा और किसी न किसी दिन यहा से खाली करा दिया जायेगा। उसके पूर्व आप निगम द्वारा निर्मित सर्वसुविधायुक्त बहुमंजिला आवासों में रहकर कच्चे सुविधाहीन अस्थाई आवास को छोड अपने स्वयं के आवास का सपना सकार करे। टीम ने समझाईस दी कि शहर के विभिन्न स्थानो में इसी प्रकार निवास करने वाले परिवार निगम द्वारा निर्मित आवासों में जाकर सर्वसुविधायुक्त आवास में निवासरत है। आप सभी शासन की आवास योजना का लाभ लेकर स्वयं के आवास में निवास करे। आवास योजना की टीम के सहायक दल प्रभारी श्रीमती गरिमा वर्मा वार्ड की प्रभारी अभियंता सुश्री आयुषी सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के सिविल एक्सपर्ट अंकुर मिश्रा सोशल एक्सपर्ट ललित मानकर सहित निगम का अमला उपस्थित था।

## आज से 2 दिसंबर तक भारी बारिश का अलर्ट जारी, इन जिलों में जमकर बरसेंगे बादल, पड़ेगी कड़ाके की ठंड

धीरज तिवारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। जहां कड़ाके की ठंड ने लोगों को ठिठुरन में डाला है, वहीं 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है। आसमान में बादल छाने के बाद भी राजधानी में गुलाबी जाड़ा जमा हुआ है। बंगाल की खाड़ी में बन रहे गहरे कम दबाव के क्षेत्र के कारण राजधानी समेत प्रदेश के कुछ इलाकों में 30 नवंबर को बारिश हो सकती है। यही नहीं सुबह गहरा कोहरा भी छा सकता है। बादल आंशिक मेघमय रहेगा। वहीं, 29 नवंबर को न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। इससे ठंड में मामूली कमी आएगी। मौसम विभाग ने जानकारी दी कि एक गहरा प्रेशर दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है। इस सिस्?टम के एक्टिव होने के साथ ही यह उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है। यह सिस्?टम और सक्रिय हो सकता है। यह उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने के साथ ही श्रीलंका तट और फिर तमिलनाडु तट के पास पहुंच सकता है। इसी के कारण छत्?तीसगढ़ के दक्षिणी इलाकों में 30 नवंबर से बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इसके चलते बस्?तर संभाग के जिलों में बारिश की संभावना



अधिक है। बंगाल की खाड़ी में एक नया सिस्टम बन रहा है, जिसका असर प्रदेश के मौस म पर दिखाई देगा। इसके प्रभाव से 30 नवंबर को जशपुर, बलरामपुर, रायगढ़, सारंगढ़, बिलाईगढ़, जांजगीर, गरियाबंद, महासमुंद, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं, 1 से 2 दिसंबर के बीच बस्तर और सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में बारिश होने की संभावना है। राजधानी में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री रहा, यह सामान्य से एक डिग्री से कम है। राजधानी में पिछले सप्ताहभर से अच्छी ठंड पड़ रही है। नवंबर में इतनी ठंड नहीं पड़ती। उत्तर छत्तीसगढ़ में शीतलहर जैसे हालात है।
अंबिकापुर, बलरामपुर, जशपुर, मैनपाट में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मैदानी इलाकों में भी अच्छी ठंड है। दुर्ग में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री है, जो सामान्य से 3.6 डिग्री कम है। वहीं जगदलपुर में पारा 12 डिग्री के करीब है। सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 8.5 डिग्री रहा। बंगाल की खाड़ी में आए साइक्लोन फेंगल के कारण प्रदेश में नम हवा आ रही है। इसके कारण बादल छा रहे हैं।

nandgaon times 30nov-5.qxd 11/29/2024 11:57 PM Page 2



# पूर्व अध्यक्ष के पार्षद पद से बर्खास्तगी व एफआईआर की मांग

## कार्यवाही नहीं तो विधानसभा में गूंजेगा मामला

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** कांग्रेस में रहकर भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे रहने वाले पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा के खिलाफ अब कांग्रेस नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। विधायक यशोदा वर्मा ने नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव बसव राजू एस के कार्यालय में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नगरपालिका खैरागढ़ के मामलों में कार्यवाही नहीं हुई तो सभी मामले विधानसभा में उठाए जाएंगे। वहीं विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने सचिव से नगर पालिका परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद शैलेन्द्र वर्मा को नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 35 (क) के अन्तर्गत पार्षद पद से बर्खास्त करने व शासकीय राशि का फर्जी तरीका से भुगतान करने पर शासन को नुकसान पहुंचाने व धोखाधड़ी करने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की।



**पालिका में उपलब्ध नहीं है बिल व नस्ती**

मनराखन ने सचिव बसवराजू को बताया कि नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ पूर्व में कलेक्टर के.सी.जी.व नगरीय प्रशासन विभाग रायपुर को वर्ष 2023 में लिखित शिकायत किया था,कि तत्काल अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा के कार्यकाल के दौरान जीम सामाग्री कय करने में भण्डार कय नियमों का पालन नहीं किया गया है साथ ही बिना निविदा प्रक्रिया के पार्षद/अध्यक्ष निधि से 25 जुलाई को रकम 17,64,000/- रूपये एवं उसी प्रकार 25 जुलाई रकम 2,00,000/- रूपये का भुगतान किया जाना दस्तावेज साक्षी के आधार पर प्रमाणित पाया गया है। इस भुगतान की प्रवृष्टि केशबुक एव रजिस्टर में अंकित है,किन्तु जिम सामाग्री का बिल नगर पालिका परिषद में उपलब्ध नहीं है और न ही भुगतान के पूर्व नस्ती का संधारण व रिकार्ड है। साथ ही साथ नगर पालिका परिषद के स्टाक पंजी में दोनो फर्मों से जीम सामाग्री खरीदी की कही पर भी प्रवृष्टि नहीं है।

**अधिकारियों और कर्मचारियों का बयान हो चुका है दर्ज**

मनराखन ने बताया कि नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के पूर्व तत्कालीन अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा व तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने अपने हस्ताक्षर से पार्षद/अध्यक्ष निधि से बिना सामाग्री कय किये हुए व्यक्तिगत लाभ उठाने के उद्देश्य से राशि की भुगतान की गई है। उक्त संबंध में कलेक्टर व राज्य शासन ने पूर्ण जांच व नगर पालिका से संबंधित अधिकारियो एंव कर्मचारियो का बयान दर्ज किया था। जिस आधार पर 9 मई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद खैरागढ़ से पूर्ण दस्तावेजो के साथ प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रेषित कर दिया गया।

**सीएमओ हो चुके हैं निलंबित**

मनराखन ने बताया कि तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा ने स्वयं के आर्थिक लाभ उठाने के उद्देश्य से शासकीय राशि जो पूर्व कांग्रेस सरकार के समय नगर पालिका परिषद में प्राप्त हुआ था। उसे बिना सामाग्री कय किये संयुक्त हस्ताक्षर से आहरण किया गया है जो कि निकायहित के विपरीत है तथा नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 35 (क) के अन्तर्गत आता है। तथा शासकीय राशि का गबन करने के उद्देश्य से फर्जी चेक काटने पर आर्थिक रूप से शासन को नुकसान पहुंचाया गया है जो कि कानूनन दण्डात्मक कार्यवाही होना आवश्यक है। इस कारण उक्त प्रकरण में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया जाना भी न्यायहित में आवश्यक है. इसी मामले में तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप झा को 16 अगस्त को सेवा भर्ती तथा सेवा शर्त नियम 2017 के नियम 33 के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

**पूर्व जिला महामंत्री रामाधार ने उठाया था मामला**

जिम खरीदी में भ्रष्टाचार के मामले को सबसे पहले जिला भाजपा के महामंत्री व पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रामाधार रजक ने उठाया था। रामाधार की शिकायत पर ही तत्कालीन सीएमओ कुलदीप झा को निलंबित किया गया था। पूर्व जिला महामंत्री ने नगरपालिका के भ्रष्टाचार के अन्य मामलों की भी शिकायत प्रदेश स्तर पर की थी।

**पार्टी बदली तो बदली परिस्थिति**

पूर्व पालिका अध्यक्ष ज़ब कॉंग्रेस की ओर से अध्यक्ष थे तब यह खरीदी की गई थी। जिसकी शिकायत पूर्व महामंत्री रामाधार ने की थी। पर पूर्व अध्यक्ष के भाजपा में शामिल होने के बाद अब ांग्रेस खुलकर विरोध में आ चुकी है।

# *लीपापोती* : ठेकेदार को जारी किया नोटिस तो जवाब मिला सीट टूटी है उसे सुधार लें

## स्वच्छता श्रृंगार की राशि में हुआ कमीशन खोरी का खेल



**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता श्रृंगार में हुए भ्रष्टाचार पर शिकायतों के दौर के बाद अब लीपापोती शुरू हो गई है। दीपावली से पहले स्वच्छता श्रृंगार के 10 लाख 93 हज़ार का भुगतान करने वाली पालिका ने अब ठेकेदार शोभा वेलफेयर सोसायटी को नोटिस जारी लापरवाही पर जवाब माँगा है। सोसायटी के सुनील सिंह ने शुक्रवार को कार्य में लापरवाही के सीएमओ के नोटिस का जवाब दिया। सुनील सिंह ने बताया कि उन्हें कार्य में लापरवाही का नोटिस का जारी किया गया था। मैंने आज जवाब दे दिया। जिसमें मैंने बताया कि सीट टूटी है। उसे सुधार दें। सीएमओ ने जल्द सुधारने का आश्वासन दिया है। सुनील सिंह ने बताया कि पूर्व से 2 केयर टेकर थे 2 और नियुक्त किए गए हैं।

**पालिका का दोहरा रवैया**

मामले में पालिका के दोहरे रवैये से अब भ्रष्टाचार किया जाना साबित हो रहा है। एक तरफ पालिका के सीएमओ ने ही 6 माह काम न करने के बावजूद ठेकेदार को 10 लाख की राशि का भुगतान कर दिया। दूसरी ओर लगातार शिकायत के बाद ठेकदार से जवाब मांगा जा रहा है। साफ तौर पर पुरे मामले में लीपापोती की जा रही है।

**मामले से जुड़े तथ्य**

पालिका में कुल 19 सार्वजनिक शौचालय

सभी के रखरखाव के लिए 1.81 हज़ार का प्रतिमाह प्रावधान

6 माह से पेंडिग थी राशि

6 माह रख रखाव न करने के बावजूद आहरित की राशि

**ठेकेदार को जारी किया गया है नोटिस - सीएमओ**

मामले में सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने बताया कि मेरे साथ ठेकेदार की मुलाक़ात नहीं हुई है। ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया था।

## बाल विवाह मुक्त भारत के प्रति जागरूकता फैलाकर दिलाया जा रहा शपथ

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसमें लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई जा रही है। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा केंद्रीय मंत्री महिला बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में वेबकास्ट का आयोजन किया गया। जिसमें बाल विवाह मुक्त भारत के राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की गई। जिसका प्रसारण जिले के अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत कार्यालय में किया गया एवं सभी लोगों ने बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ लिया। परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, 21 वर्ष से कम के लड़के और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह कर देने से हम बच्चों के साथ प्राकृतिक रूप से अन्याय करते है। इसे उनके स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम सभी भारत को बाल विवाह से मुक्त करें। इसी कड़ी में भारत सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की गई है।



# अर्थशास्त्र विभाग में विद्यार्थियो को दिया गया नेट-सेट कोचिंग-मार्गदर्शन

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग में स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों को सेट-नेट की तैयारी हेतु कोचिंग एवं मागदर्शन दिया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर.कोचे ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से सेट-नेट परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति एवं वर्तमान प्रारूप के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि सेट-नेट का पाठ्यक्रम को अवलोकन कर प्रत्येक शीर्षक का अध्ययन गहराई से करें तथा उन्हे अधिक से अधिक बार पुनरावृश्रि करते रहे, इससे शीर्षक की अवधारणा स्पष्ट हो सकेगी। इसके अतिरिक्त विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर.कोचे ने बताया कि प्रश्नों को हल करते समय सरल प्रश्नों को प्रथम क्रम में हल करने के बाद कठिन प्रश्नों को हल करना चाहिए। उन्होने आगे बताया कि अर्थशास्त्र विषय में सेट-नेट परीक्षा में क्वालिफाई अंक प्राप्त करने के लिए वर्तमान आर्थिक आकड़ों पर अद्यतन के अतिरिक्त आर्थिक नियमों सिद्धांतो एवं मॉडलों के प्रतिपादको एवं अर्थशास्त्रियों के नाम, उनके मूलभाव की स्पष्टता के साथ ही आर्थिक नीतियों एवं समितियों के नाम की जानकारी होना आवश्यक है। महाविद्यालय के स्नातक स्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों को दी जा रही कोचिंग व मार्गदर्शन में शामिल छात्र के पूछे गये प्रश्न के जवाब में डॉ.कोचे ने बताया कि सेट-नेट के सामान्य ज्ञान प्रश्न पत्र की तैयारी के लिए उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त जानकारी के अतिरिक्त शैक्षणिक अभिरूचि का निरंतर अभ्यास के साथ मानसिक एवं तार्किक योग्यता के प्रश्नों को हल करने के लिए अच्छे स्तरीय पुस्तकों का अध्ययन किया जाना आवश्यक है।



# भारतीय मजदूर संघ द्वारा 1 दिसंबर से श्रमिक संपर्क पखवाड़े का आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय मजदूर संघ इन दिनों अपने स्थापना का 70वीं वर्षगांठ मना रहा है। 23 जुलाई 1924 से प्रारंभ होकर 23 जुलाई 1925 तक चलने वाले इस अभियान में सालभर वृहद् कार्यक्रम आयोजित किये गये है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरूजी के वैचारिक कल्पना व निर्देश पर संघ के वरिष्ठ प्रचारक दंतोपत ठेंगड़ी ने गैर राजनीतिक श्रम संगठन की शुरूआत की थी। शून्य से सृष्टि तक के निर्माण में श्रम की महत्ता रही हैए सभी कालखंडो में निर्माण की प्रक्रिया सतत् चलती रही है। इन कालखंडों में मालिक एवं मजदूर का आपस में संबंध थाए उस समय भी राजा रजवाड़ों के द्वारा श्रमिकों को कार्य के बदले पारिश्रमिक दिया जाता थाए मनुस्मृतिए शुक्रनीतिए भीष्मनीतिए नारदनीति एवं विश्वकर्मा पुराण में श्रमनीति का विस्तार से वर्णन है। भारतीय मजदूर संघ इन्ही नीतियों के आधार पर ट्रेड यूनियन क्षेत्र में श्रमिकों के लिये निरंतर संघर्ष कर रहा है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में बताया कि भामसं के 70वें वर्ष पर श्रमिक संपर्क पखवाड़ा 1 दिसंबर से 15 दिसंबर के मध्य हो रहा है जिसमें संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बीच भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता जाकर संगठन की नीतियोंए सिद्धांतो के संबंध में पत्रक वितरण करेंगे व श्रमिक क्षेत्र से संपर्क साधेगेंए इस हेतु जिले के सभी विकासखंडों सहित मोहला.मानपुर सहित खैरागढ़ जिले के विकासखंडों में व्यापक श्रमिक संपर्क पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। सभी विकास खंडों में 1 दिसंबर से कार्यकर्ता इस कार्य में लग जायेंगे। स्मरणीय है कि भारतीय मजदूर संघ ने देश के श्रमिक आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 1991 में डंकल प्रस्तावए बहुराष्ट्रीय कंपनियोंए अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष आदि के खिलाफ जिला से लेकर पूरे देशभर में धरना प्रदर्शन कर मजदूरों में जन.जागरण किया था। 1995 में जंतर.मंतर मैदान दिल्ली में भारतीय मजदूर संघ ने विशाल प्रदर्शन किया थाए 16 अप्रैल 2001 में डब्ल्यूण् टीओण् के विरोध में तोड़ो.मोड़ो और छोड़ों के नारे के साथ दिल्ली में भारतीय मजदूर संघ द्वारा विशाल जुलुस रामलीला मैदान से निकालकर संसद भवन पर प्रदर्शन किया थाए जिसमें लाखों की संख्या में मजदूरों ने भाग लिया था। वर्ष 2008 में भारतीय मजदूर संघ की पहल पर असंगठित मजदूरों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाओं का कानून व नियम बनाया गयाए जिसका लाभ आज देशभर के असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को प्राप्त हो रहा है। श्री साहू ने आगे बताया कि भारतीय मजदूर संघ मजदूरों के केवल आर्थिक अधिकारों के लिये ही संघर्ष नहीं करता बल्कि राष्ट्रहित व सामाजिक हित में निरंतर गतिशील रहता है। मार्च 2020 में जब देशभर में कोविड की महामारी शुरू हुई तो जहॉ पूरे देश में त्राही.त्राही मची हुई थीए लोग इतने घबराये हुये थे कि बीमारी से अपने सगे.संबंधियों को देखने जाने से कतराने लगे थे।

**शुभांक**

**5-6-0**

**589-2 260-8**

**भाग्यांक**

**789-4 234-9**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं मोहम्मद मोहसीन पिता मोहम्मद अब्दुल कलीम निवासी संत कबीर वार्ड क्रमांक 11 डोंगरगांव जिला राजनांदगाँव 491661 (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम मोहसीन खान पिता मोहम्मद अब्दुल कलीम को त्याग कर नया नाम मोहम्मद मोहसीन पिता मोहम्मद अब्दुल कलीम रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मोहम्मद मोहसीन पिता मोहम्मद अब्दुल कलीम से ही जाना पहचाना जावे।

**मोहम्मद मोहसीन**
**संत कबीर वार्ड क्रमांक 11**
**डोंगरगांव जिला राजनांदगाँव**
**491661 (छ.ग.)**

## जारवाही स्कूल में बालमेला कार्यक्रम सम्पन्न

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखण्ड के ग्राम जारवाही के स्कूल प्रांगण में बालमेला कार्यक्रम का आयोजन शाला परिवार व ग्रामीणों के सहयोग से संयुक्त रूप से किया गया था जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार मिठाई गुपचुप चाट पकौड़े व खाई खजाना बनाकर मेले में जिसतरह बिकता है वैसे ही स्टाल लगाकर क्रय विक्रय कर रहे थे कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथि से लेकर बच्चे खाने पीने के समान लेकर स्वाद का लुत्त उठा रहे थे। टीकेश साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव ने बाल दिवस के इस कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित नेहरू बच्चों के प्रति अपने प्यार और स्नेह के लिए प्रसिद्ध थे।

# 15 दिवसीय नि:शुल्क उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कौशल एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं निस्बड द्वारा संचालित संकल्प प्रोजेक्ट के तहत 15 दिवसीय नि:शुल्क उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजनांदगाव के ग्राम अर्जुनी के श्री कंप्यूटर्स में दिया जा रहा है।इस प्रशिक्षण के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसमें स्वरोजगार से जुड़ी जानकारी के साथ-साथ केंद्र सरकार एवं राज्य के द्वारा संचालित सरकारी योजनाये, मार्केटिंग, जीवन कौशल, डिटेल प्रोजेक्ट रेपोर्ट, बैंक से लोन लेने की प्रक्रिया एवं अन्य विषय की भी जानकारी दी जा रही है अभी तक 30 हितग्राहियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और अगली बैच के प्रशिक्षण के लिए हितग्राहियों का पंजीयन जारी है।




**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगाँव जिला - राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण की सूचना**

ज्ञापन क्र./वलेलि/2024-25/1631 दिनांक 27/11/2024

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 11/वलेलि/2023-24 दिनांक 24.01.2024 (सिस्टम नंबर 151912) मोहला-मानपुर-चौकी जिले के विकासखण्ड मोहला की बोगाटोला जलाशय का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

G-07336/2 कार्यपालन अभियन्ता
जल संसाधन बैराज संभाग
G-242504153 डोंगरगांव


# जिपं. सदस्य श्यामकर ने 8 गाँव के मितानिनो का किया सम्मान

## बखत रंगकठेरा में हुवा आयोजन

**राजनांदगाव (नांदगांव टाइम्स)।** शुक्रवार को ग्राम बखत रंगकठेरा में 8 गाँव के लगभग 100 मितानिन दीदिओ सहित गाँव के बुजुर्गो का भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता जनपद सदस्य गणेश साहू थे। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर थे। अध्यक्षता महामंत्री घुमका मंडल परदेशी सोनबोइर विशिष्टअतिथि डिगेन्द्र सिन्हा ने की। मुख्यअतिथि राजेश श्यामकर ने कहा की मितानिन दीदी जो काम करती है वो काम नहीं बल्कि मानवता की सेवा है। और सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। जिस कोरोना काल में डॉक्टर इलाज के लिए हिचक रहे थे अस्पताल में भर्ती नहीं ले रहे थे ऐसी समय में हमारे मितानिन दीदी जिस तत्परता से कार्य किया है उसका कोई दूसरा मिशाल नहीं हो सकता। मितानिन दीदी अपने स्वस्थ की चिंता नं कर गाँव के प्रत्येक नागरिकों को समय समय पर इलाज दवाई जाँच जैसे अनेक सुविधा करवाते है। श्री श्यामकर ने कहा की हमारी भाजपा की सरकार को मितानिन दीदिओ की चिंता है भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने मितानिनो की चिंता कर मानदेय की राशि सीधा खाते में महीने की महीने पहुंचाने का काम किया है। मुख्यअतिथि श्यामकर के हाथो से सभी मितानिन दीदिओ को साड़ी , श्रीफल व बीपी मशीन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर घुमका मंडल महामंत्री परदेशी सोनबोइर , जनपद सदस्य गणेश साहू , सरपंच श्रीमती लता कतलाम , योगेश खत्री , समाजसेवी डिगेंद्र सिन्हा , अशोक सिन्हा , महेश वर्मा , गोपाल साहू , बलराम वर्मा , भूषण साहू , देवेंद्र साहू , दीनदयाल मरकंडे , जोगी वर्मा , शारदा साहू , पूर्णिमा सिन्हा , श्यामलाल वर्मा , सर्वेश्वर दास।



## विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के प्रयासों से 3. 38 करोड़ के कार्यों को मिली स्वीकृति

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह लगातार अपने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सतत रूप से सक्रिय रहते हैं, आज उनके प्रयासों से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के बजट में सम्मिलित सड़क हेतु विभिन्न 11 सड़कों एवं विस्तृत परियोजना के कार्यों हेतु 3 करोड़ 38 लाख 74 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके तहत बरगा से अष्टगी मंदिर तक 82.74 लाख रुपए, जंगलेश्वर से खैरा तक 71.12 लाख रुपए, मुड़पार से उसरीबोड तक 42.36 लाख रुपए, धामनसरा से कोटराभाटा तक 48.30 लाख रुपए, धनगांव से गातापार तक 60.61 लाख रुपए, इसी तरह से धनगांव से लिटिया 6.73 लाख रुपए, देवादा से धनोद 2.96 लाख रुपए, धर्मापुर से बरगाही के लिए 3.42 लाख रुपए, जोरा तराई से भेडीकला हेतु 8.94 लाख रुपए, सुंदरा पानी टंकी से अं. भाटापारा 7.37 लाख रुपए तथा सुंदरा हाई स्कूल से भेड़ीकला 4.69 लाख रुपए, इस तरह कुल 11 कार्यों हेतु 3 करोड़ 38 लाख 74 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के प्रयासों के कारण स्वीकृत होने पर राजनांदगांव के सभी जनप्रतिनिधियों ने हर्ष प्रकट करते हुए डॉ रमन सिंह के प्रति आभार जताया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) खैरागढ़ जिला-खैरागढ छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)**
**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिरावन मरकाम पिता रामा मरकाम निवासी ग्राम उरईडबरी तहसील खैरागढ जिला खैरागढ-छुईखदान-गण्डई के द्वारा ग्राम खैरागढ प0ह0नं0 12 रा0नि0म0 खैरागढ तहसील खैरागढ स्थित भूमि ख0नं0 144/1 रकबा 0.145हे. भूमि में से 240 वर्गफूट भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 04.12.2024 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/ अपने अधिवक्ता / अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 18/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा0) खैरागढ़**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग(भ/स)संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क्रं. 7562/16/नि.वि./लोनिवि/2024-25 दिनांक 27.11.2024

**एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-**

| | |
|---|---|
| **निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि** | **17.12.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक** |
| **ठेकेदारों द्वारा निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि** | **30.12.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक** |
| **निविदा खोलने की तिथि** | **31.12.2024 अपरान्ह 11.30 बजे** |

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 16 T0082 | शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय राजनांदगांव में टायलेट का मरम्मत कार्य | 5.00 | 5000.00 |
| 16 T0083 | शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय राजनांदगांव में टायलेट ब्लाक एवं कॉमन रूम का निर्माण कार्य | 17.61 | 13500.00 |
| 16 T0084 | शास.दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के टायलेट का रिनोवेशन कार्य | 12.50 | 9400.00 |
| 16 T0085 | शास.रानी सूर्यमूखी देवी महाविद्यालय छुरिया में गर्ल्स टायलेट एवं कॉमन रूम का रिनोवेशन कार्य | 4.41 | 5000.00 |

**उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेबपोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है।**

**टीपः- ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।**

जी- 04135/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

nandgaon times 30nov-5.qxd 11/29/2024 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) बिहार कौमी सेवक दल की स्थापना कब हुई?*


*2) किस वेद में कहा गया है कि युद्ध की उत्पत्ति व्यक्ति के मस्तिष्क में होती है?*

*3) बरमूडा त्रिभुज किस महासागर में अवस्थित है?*

*4) 37वें राष्ट्रीय खेलों का आधिकारिक प्रायोजक हाल ही में किसे बनाया गया है?*

*5) महेश्वर मोहंती का हाल ही में देहांत हो गया, वह किस राज्य की विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष थे?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) 27 नवम्बर, 1921 (2) अथर्ववेद (3) उत्तर पश्चिम अटलांटिक महासागर (4) पेटीएम (5) ओडिशा

## गायत्री विद्यापीठ में विज्ञान एवं क्राफ्ट मेला का आयोजन आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की ख्याति प्राप्त संस्था गायत्री विद्यापीठ में कल 30 नवंबर को विज्ञान एवं क्राफ्ट मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थी विज्ञान संबंधी विभिन्न मॉडल का प्रदर्शन करेंगे। जिसमें विज्ञान संबंधी एक से बढ़कर एक मॉडल्स एवं बच्चों द्वारा बनाए गए क्राफ्ट के विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। मेले का मुख्य आकर्षण विभिन्न मॉडल्स, नुक्कड़ नाटक, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की भरमार आदि होंगे। यह मेला प्रात: 9.30 बजे से 1.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। गायत्री शिक्षण समिति के सभी सदस्य, शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर एवं शिक्षकवृंद द्वारा जिले के सभी गणमान्य नागरिकों से समय पर पहुंचने की अपील की गई है।

## हिम्मत किर्रा की

एक जंगल में एक रोशनी और एक बकरी थी दोनो एक अच्छे दोस्त थे और वे दोनो ही हंसी खुशी से अपना जीवन भी जी रहे थे। एक दिन बकरी अपने तीन बच्चों को जन्म देती है और बकरी ने अपने तीनों बच्चों का नाम भी रखती है, जिसमें से पहले का किर्रा दूसरे का नाम बुर्रा और तीसरे का नाम भुरवी रखी थी। बकरी जंगल में अपने परिवार के साथ रह रही थी और अपने परिवार के साथ बहुत खुशी से जीवन जी रही थी, एक दिन बकरी की सहेली शेरनी आयी बकरी से उनका हाल-चाल पूछी और बकरी के बच्चों से बात की शेरनी बोली बकरी से मेरी तबियत खराब है..। आप अपने एक बच्चे को मेरे घर भेज दोगी क्या। कुछ देर तक बकरी खामोश रही बहुत सोच समझ कर उसने हाँ कही और कुछ दिन के लिए बोलकर शेरनी अपने घर चली गई शेरनी के जाने के बाद बकरी रोने लगी शेरनी मेरे सभी बच्चों को खा जाएगी करके रो रही थी। बकरी का बड़ा बेटा किर्रा बोला मैं जाऊंगा .....शेरनी के घर माँ ...! मुझे कुछ नहीं होगा करके किर्रा शेरनी के घर गया और वहाँ पहुंचकर शेरनी के घर का कुछ काम किया तथा खाना खाकर शेरनी और किर्रा सो गए। शेरनी सोते हुए अपने मन में सोची कि किर्रा तो सोया है मैं इसे खा लेती हूँ। इससे पहले कुछ अनहोनी घटना घटती किर्रा ने अपने सोए हुए स्थान पर एक पत्थर को लिटा दिया किर्रा की जगह में पत्थर रख दिया जैसे ही शेरनी ने झपट्टा मारी तो उसने किर्रा के जगह पत्थर को चबा डाला शेरनी के दांत टूट गये और शेरनी के मुंह से खून आने लगा शेरनी बहुत गुस्सा हुई और बकरी और उनके बच्चों को खाने के लिए बकरी के घर पहुंची बकरी अपने बच्चों को लेकर भागने लगी शेरनी बकरी और उनके बच्चों का पीछा करने लगी बकरी अपने बच्चों को लेकर ऊंचे पहाड पर चढ़ गई जहाँ पर शेरनी उसी ऊंचे पहाड़ के नीचे थी, कुछ देर बाद शेरनी अपने घर चली गई और बकरी अपने बच्चे के साथ पहाड़ से उतरकर जंगल से बहुत दूर चले गयी और खुशी से अपने बच्चों के साथ हंसी खुशी से जीवन बिताई।



**कु.टोमेश्वरी साहू**
**बसंतपुर**
**राजनांदगांव**

# जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन द्वारा जनसामान्य के लिए आयुष विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वस्थ रहने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है और ईलाज की व्यवस्थाएं की जा रही है। आयुर्वेद, होम्योपैथी, युनानी एवं योग चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रखने और स्वस्थ करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य मेला एवं स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर इससे लाभान्वित हो रहे है। इसी कड़ी में आयुष विभाग द्वारा राजनांदगांव शहर के मोतीपुर में आज आयोजित जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 2566 लोगों ने पंजीयन कराया और चिकित्सकीय ईलाज एवं आवश्यक सलाह ली। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने बताया कि राजनांदगांव जिले में कुल 30 आयुष संस्थाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें 23 आयुर्वेद औषधालय, 2 होम्योपैथी औषधालय, 1 आयुषविंग जिला चिकित्सालय, 1 आयुष पॉलीक्लीनिक चिखली एवं 3 स्पेशिलाईज्ड थेरेपी सेन्टर्स शामिल हैं।

जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि जिले की कुल 30 आयुष संस्थाओं का संचालन आयुष विभाग के निर्देशन एवं नियंत्रण में किया जाता है। आयुषविंग का नियंत्रण सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय राजनांदगांव, स्पेशिलाईज्ड थेरेपी सेन्टर सेंटरों का संचालन संबंधित खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा किया जाता है। मैदानी क्षेत्रों में स्थापित आयुर्वेद एवं होम्योपैथी का संचालन पूर्णत: जिला आयुर्वेद अधिकारी कार्यालय द्वारा संचालित किया जाता है। आयुष औषधालयों द्वारा जिला एवं



विकासखण्ड स्तरीय शिविरों तथा नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता शिविरों का आयोजन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में किया जाता है। आयुष संस्थाओं के माध्यम से आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से रोगियों को चिकित्सा लाभ लेकर नि:शुल्क औषधियां प्रदान की जा रही हैं। आयुषविंग व स्पेशिलाईज्ड थेरेपी सेन्टरों में औषधियों के साथ-साथ पुरूष व महिला रोगियों हेतु अलग-अलग पंचकर्म सुविधा उपलब्ध है, जिसका लाभ जन सामान्य द्वारा लिया जा रहा है। राष्ट्रीय आयुष मिशन अन्तर्गत संचालित योजनाओं के तहत मैदानी स्तर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन समय-समय पर कराया जाता है। शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक राजनांदगांव में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत योगा चिकित्सक पदस्थ हैं, जिनके द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाता है तथा योग के प्रचार-प्रसार के संबंध में विशेष जानकारी दी जाती है। इसके साथ ही यहां यूनानी चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध है। यूनानी चिकित्सा अधिकारी द्वारा रोगियों को यूनानी चिकित्सा पद्धति की नि:शुल्क औषधियां वितरीत की जाती है। समस्त आयुष औषधालय एवं संस्थाएं शासकीय भवन में संचालित हैं, कुछ संस्थाओं का भवन निर्माण प्रक्रियाधीन है तथा कुछ संस्थाओं का भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत जिले में कुल 16 आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रारंभ किये गये हैं, जिसमें जनमानस को बेहतर चिकित्सा का लाभ प्राप्त हो रहा है, वहीं 11 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर योग की सुविधा उपलब्ध है। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि आयुर्वेद ग्राम योजना अंतर्गत जिले में संचालित औषधालयों का चयन कर ग्राम के नागरिकों को विभिन्न शिविर स्थानीय औषधीय पौधों का वितरण कर उनका उपयोग बताना इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम किये जाते है। आयुषदीप समिति अंतर्गत औषधालयों हेतु उपसमिति का गठन कर औषधालयों का उन्नयन करने के साथ प्रत्येक उपसमिति को शासन द्वारा प्रतिवर्ष 25 हजार रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा आयुष मेला योजना के माध्यम से प्रत्येक विकासखंड में 2 एवं जिला स्तर पर 1 आयुष मेला एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन कर उपचार एवं आयुष योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जाती है। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत आयुष औषधालयों के उन्नयन एवं योगा वेलनेस सेन्टर के माध्यम से योग के प्रति जनसामान्य को प्रोत्साहित किया जाता है। योजना के तहत प्रदेश में 9 नये राष्ट्रीय कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया है।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन से मिल रही अनुदानः खैरागढ़ में केला खेती से किसानों की आय में वृद्धि



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में बागवानी के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया गया है। खैरागढ़-सांकरा क्षेत्र में विभिन्न किसानों ने 22 एकड़ में केले की खेती शुरू की है, ताकि वे अपनी आय को दोगुना कर सकें। सांकरा को केला क्लस्टर के रूप में जाना जाता है, जहां के किसान उद्यानिकी फसलों के प्रति काफी उत्साहित हैं। सांकरा के किसान गजानंद वर्मा और महेंद्र जंघेल ने बताया कि कम लागत में बेहतर खेती के लिए उन्होंने केले की फसल को चुना। केले की खेती में पानी की कम आवश्यकता होती है और इसके लिए ड्रिप सिंचाई के माध्यम से समय-समय पर दवाई का छिड़काव भी किया जाता है। जिले के उद्यान विकास अधिकारी रविंद्र कुमार मेहरा ने कहा कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत केले की फसल के लिए किसानों को 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, जबकि अन्य फसलों के लिए 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी विभाग का उद्देश्य बागवानी क्षेत्र के चहुमुखी विकास को बढ़ावा देना है, ताकि जलवायु परिवर्तन के अनुकूल उत्पादन विधियों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि हो सके। इसके अलावा, यह पहल ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं को भी बढ़ा रही है। उद्यानिकी विभाग की इस योजना से किसानों की आय बढ़ाने, पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का सृजन हो रहा है। केला क्लस्टर स्थापित होने से जिले के केला उत्पादक किसानों का केला निर्यात होगा। जिससे किसानों को अपने उपज के अच्छे दाम मिलेंगे। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। साथ ही किसानों को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सलाह मिलेगी।

## इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति की शिक्षा ले रहे मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के छात्र



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के छात्र कलाकार इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का बारीकी से अध्ययन कर गीत-संगीत सीख रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं नाट्य विभाग तथा इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 16 नवंबर से 16 दिसंबर तक एक माह का अध्ययन-अध्यापन भ्रमण वर्कशॉप का आयोजन किया गया है।

वर्कशॉप के तहत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के निर्देशक टीकम जोशी के निर्देशन में छात्रगण विश्वविद्यालय में रूककर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य जैसे पंथी, पंडवानी, नाचा, सुआ, ददरिया सहित अन्य छत्तीसगढ़ी लोक गीत-संगीत का गहन अध्ययन कर रहे हैं। इसके साथ ही छात्रों द्वारा इसका मंचन भी किया जा रहा है। 18 नवंबर को मोहनदास चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। 19 नवंबर को चेतन देवांगन के मार्गदर्शन में पंडवानी की प्रस्तुति हुई। 20 नवंबर को पुनम विराट के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति तथा 21 नवंबर को डॉ परमानंद पांडेय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी के पर्व गीतों पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

**छात्रों ने शिव भोला नाच पार्टी का देखा मंचन**

विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग के सहयोग से 24 नवंबर को छात्रगण ग्राम करमतरा पहुंचे जहां के प्रसिद्ध शिव भोला नाचपार्टी मंचन देखकर इससे अवगत हुये। बुधवार 27 नवंबर को कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने भोपाल से पहुंचे इन छात्र कलाकारों के वर्कशॉप का अवलोकन किया। इस दौरान लोकसंगीत एवं कला संकाय के अधिष्ठाता डॉ योगेन्द्र चौबे मौजूद रहे। अवलोकन के दौरान छात्रों के द्वारा शानदार पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसकी सराहना की गई। कुलसचिव ने छात्र कलाकारों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति का बारिकी से अध्ययन कराने की बात कही। वर्कशॉप के अंत में छात्रों के द्वारा 15 एवं 16 दिसंबर को खैरागढ़ में तथा 19 एवं 20 नवंबर को भोपाल में छत्तीसगढ़ी नाट्य मंचन किया जायेगा।

## 33 कामों की निविदा जारी कर 2 घंटे बाद किया निरस्त



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पालिका का सिस्टम दुरुस्त न होने और भ्रष्टाचार के लगातार खुलासों का असर काम पर पड़ रहा है। सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा से स्वीकृत अधोसंरचना मद के 33 कामों की प्रक्रिया निरस्त होने के बाद फिर शुरू नहीं हो पाई है। पालिका सूत्रों की माने तो 26 नवंबर को नपा कार्यालय ने क्रमांक 1363 दिनांक 26 नवंबर को निविदा प्रकाशन के लिए अधिकृत सूचना जारी कर अधोसंरचना मद अंतर्गत 33 कामो के लिए 13 दिसंबर 24 तक द्वितीय मैनुअल पद्धति मे निविदा आमंत्रित किया। बकायदा इसके लिए दो समाचार पत्रो को प्रकाशन आदेश भी जारी कर दिया लेकिन घंटे दो घंटे बाद ही नपा कार्यालय द्वारा क्रमांक 1365 मे अपरिहार्य कारणो से निविदा निरस्त होने की सूचना प्रकाशित कर दिया गया।

**बड़े स्तर से मनाही इसलिए अटकी निविदा**

सीएमओ प्रमोद शुक्ला इसे लिपिकीय त्रुटि होने के कारण निरस्त होना बता रहे है। लेकिन पता चला है कि अधोसरंचना मद के बचे कामो मे जल्दबाजी को लेकर बड़े स्तर पर मनाही के बाद सीएमओ ने इसे आनन फानन मे निरस्त करने का आदेश जारी किया है।

**ठेकेदारों जमा कराएँगे अंतर की राशि**

इधर,15 वें वित्त और अधोसंरचना मद में बिलो दर पर काम लेने वाले ठेकेदारों को अंतर की राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसमें सबसे ज्यादा काम पाने वाले ठेकेदार को 24 लाख के आसपास नगरपालिका में जमा कराने होंगें। इसी तरह अन्य ठेकेदारों को भी अंतर की राशि जमा करने कहा गया है। ताकि वर्क आर्डर जारी हो सके।

## 27 पुरुषों ने अपनाया परिवार नियोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ पुरुष नसबंदी



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के अंतर्गत 27 पुरुषों ने नो स्केलपेल वैसेक्टमी (एनएसवी) पद्धति से नसबंदी करवाकर जिम्मेदार पिता और नागरिक होने का परिचय दिया। यह अभियान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार फिक्सडे सेवाओं के अंतर्गत यह अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य जनसंख्या स्थिरीकरण को प्रोत्साहित करना और परिवार नियोजन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि एनएसवी पुरुष नसबंदी एक सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है, जिसे अपनाकर परिवार का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में खंड चिकित्सा अधिकारियों, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारियों को विकासखंड नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। उनके पर्यवेक्षण में सेक्टर सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और मितानिनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, छुईखदान में दुर्ग जिले से आए एनएसवी विशेषज्ञ डॉ. दीपक कश्यप ने सभी ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए। इस अभियान को सफल बनाने में बीएमओ डॉ. मनीष बघेल, डॉ. विवेक बिसेन, डीएल सोनी, जीपी गढ़ेवाल, सीएचसी छुईखदान की ओटी टीम, विनय रामटेके और दोनों ब्लॉक के बीपीएम का विशेष योगदान रहा।

## धर्म समाचार....

## क्यों द्रोणागिरी पर्वत के पास बसे लोग हनुमान जी से हैं खफा ? त्रेता युग से जुड़ा है कनेक्शन

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा करने से साधक की फूटी किस्मत भी बदल जाती है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि राम से बढ़कर राम का नाम है। अत: राम नाम का जप करने वाले साधक पर हनुमान जी की विशेष कृपा बरसती है। उनकी कृपा से साधक को सभी क्षेत्रों में सफलता मिलती है। साथ ही बिगड़े काम बन जाते हैं। मंगलवार का दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी को समर्पित है। इस दिन राम परिवार संग हनुमान जी की पूजा की जाती है। साथ ही मंगलवार का व्रत रखा जाता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि त्रेता युग में मंगलवार के दिन ही भगवान श्रीराम की अपने परम भक्त हनुमान जी से भेंट हुई थी। इस शुभ अवसर पर हर वर्ष बड़ा मंगल मनाया जाता है। शास्त्रों में निहित है कि लंका विजय में हनुमान जी ने अहम भूमिका निभाई थी। वानर सेना की मदद से भगवान श्रीराम ने रावण पर विजयश्री प्राप्त की थी। वाल्मीकि जी द्वारा लिखित रामायण में द्रोणागिरी पर्वत का उल्लेख है। लेकिन क्या आपको पता है कि रामायण में उल्लेखित द्रोणागिरी पर्वत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम त्रेता युग के समकालीन थे। उन्हें अपने जीवन में केवल और केवल दुखों का सामना करना पड़ा था। भक्ति काल के महान कवि गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी रचना रामचरित्रमानस में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का वर्णन विस्तारपूर्वक किया है। रामचरित्रमानस में वर्णित है कि




अयोध्या नरेश बनने से एक दिन पहले भगवान श्रीराम को चौदह वर्षों का वनवास मिला। अगले दिन पिता की आज्ञा का पालन कर भगवान श्रीराम अपनी धर्मपत्नी जग की देवी मां सीता और अनुज लक्ष्मण जी के साथ वनवास चले गये। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम लंबे समय तक दण्डकारण्य वन में रहें। दण्डकारण्य वन रावण का गढ़ था। यह वन असुरों से भरा था। भगवान श्रीराम ने असुरों का वध कर दण्डकारण्य वन को रावण के आतंक से मुक्त कराया था। ऐसा कहा जाता है कि दण्डकारण्य वन में भगवान श्रीराम ने कोदंड धनुष का निर्माण किया था। वनवास के दौरान लंकापति रावण ने मां जानकी का हरण कर लिया था। उस समय भगवान श्रीराम के परम भक्त और सेवक हनुमान जी ने मां जानकी का पता लगाया था। लंका नरेश रावण ने मां जानकी को अशोक वाटिका में रखा था।

हनुमान जी के बल से रावण भलीभांति वाकिफथे। इसका वर्णन रामचरित्रमानस में भी गोस्वामी तुलसीदास ने की है। वानर सेना की मदद से भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर मां जानकी को मुक्त कराया था। युद्ध के दौरान मेघनाथ के ब्रह्मास्त्र से लक्ष्मण जी मूर्छित हो गये थे। उस समय सुषेण वैद्य के कहने पर हनुमान जी ने संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण जी के प्राण की रक्षी की थी। संजीवनी बूटी द्रोणागिरी पर्वत पर मिलता है।

**द्रोणागिरी पर्वत**- मेघनाथ के ब्रह्मास्त्र से लक्ष्मण जी मूर्छित हो गये। यह देख मेघनाथ, लक्ष्मण जी के पास आये और उन्हें उठाने की कोशिश की। इसमें इंद्रजीत को सफलता नहीं मिली। तब हनुमान जी ने गदा से प्रहार कर मेघनाथ के बल को भंग किया। इसके बाद लक्ष्मण जी को लेकर भगवान श्रीराम के पास पहुंचे। लक्ष्मण जी को मूर्छित देख भगवान श्रीराम विलाप करने लगे। तब विभीषण जी ने उन्हें सुषेण वैद्य से संपर्क करने की सलाह दी। सुषेण वैद्य की सलाह पर हनुमान जी संजीवनी बूटी लेने द्रोणागिरी पर्वत पहुंचे। जब उन्हें संजीवनी बूटी नहीं मिली या सभी बूटी एक सामान देख हनुमान जी ने द्रोणागिरी पर्वत को ही उठाकर लंका पहुंच गये। संजीवनी बूटी से लक्षमण जी को नवजीवन मिला। कहते हैं कि द्रोणागिरी पर्वत को लंका ले जाने के चलते द्रोणागिरी पर्वत के पास रहने वाले लोग हनुमान जी से अप्रसन्न रहते हैं।

## अगहन अमावस्या और शनिवार का योग आज : पितरों के लिए धूप-ध्यान के साथ ही शनिदेव के लिए भी करें तेल और काले तिल का दान

इस साल अगहन अमावस्या दो दिन शनिवार (30 नवंबर) और रविवार (1 दिसंबर) को रहेगी। शनिवार और अमावस्या के योग में पितरों के लिए धूप-ध्यान करने के साथ ही शनि देव के लिए विशेष पूजा और दान-पुण्य करना चाहिए। इस बार अगहन मास की अमावस्या की तारीख को लेकर पंचांग भेद हैं, क्योंकि ये तिथि 30 नवंबर और 1 दिसंबर यानी दो दिन रहेगी। अमावस्या की शुरुआत 30 नवंबर की सुबह करीब 9.30 बजे होगी, ये तिथि 1 दिसंबर की सुबह करीब 11 बजे तक रहेगी। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, शनिवार के आने वाली अमावस्या का महत्व काफी अधिक रहता है, इस दिन पितरों के लिए धूप-ध्यान करने के साथ ही शनि देव के लिए भी विशेष धर्म-कर्म किए जाते हैं तो कुंडली के शनि दोषों का असर कम हो सकता है।



जानिए इस दिन कौन-कौन से धर्म-कर्म किए जा सकते हैं... शनिदेव का सरसों के तेल से अभिषेक करने की परंपरा है। इसलिए शनिवार को सरसों के तेल से शनि प्रतिमा का अभिषेक करें। तेल में काले तिल भी डाल लेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। तेल चढ़ाने के बाद शनि भगवान को काले-नीले वस्त्र और नीले फूल चढ़ाना चाहिए। ऊँ शं शनैश्चराय नम: मंत्र का जप करना चाहिए। शनिवार और अमावस्या के योग में जरूरतमंद लोगों को सरसों का तेल, काले तिल, कपड़े, कंबल, जूते-चप्पल का दान करें। अभी ठंड का समय है तो ऊनी वस्त्रों का दान करना ज्यादा अच्छा रहता है। मान्यता है कि हनुमान जी की पूजा से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। इसलिए शनिवार को हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। रविवार को भी अमावस्या तिथि है, इसलिए इस दिन सुबह-सुबह सूर्य को जल चढ़ाएं। सूर्य को जल चढ़ाने के लिए तांबे के लोटे का इस्तेमाल करना चाहिए। लोटे में जल भरें और जल में चावल, कुमकुम, फूल डालें। इसके बाद सूर्य मंत्र ऊँ सूर्याय नम: का जप करते हुए सूर्य को जल अर्पित करें। सूर्य को जल चढ़ाने के बाद गुड़ और तांबे के लोटे का दान करना चाहिए। अमावस्या पर महालक्ष्मी और भगवान विष्णु का भी अभिषेक करना चाहिए।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# आयुर्वेद केवल ईलाज प्रक्रिया नहीं, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं पड़े, इसकी व्यवस्था है : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

## विधानसभा अध्यक्ष मोतीपुर में आयोजित जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में हुए शामिल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं गुरू घासीदास भवन का किया भूमि पूजन










### हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के उन्नयन कार्य का किया लोकार्पण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव शहर के मोतीपुर में आयोजित जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं गुरू घासीदास भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने 75 लाख रूपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं 10 लाख रूपए की लागत से गुरू घासीदास भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इसके साथ ही 37.17 लाख रूपए की लागत से बने हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के उन्नयन कार्य का लोकार्पण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया में येलोपैथी से हटकर आयुर्वेद और योगा की बड़ी मान्यता है। पहले बड़ी संख्या में लोग ईलाज के लिए केरल, बैंगलोर और हैदराबाद में पंचकर्म कराने के लिए जाते थे। आज पंचकर्म की सर्वसुविधा यहां उसी पद्धति से चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है। पंचकर्म के माध्यम से सभी प्रकार की बीमारियों का ईलाज किया जाता है। आयुर्वेद में केवल ईलाज प्रक्रिया नहीं है, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं पड़े, इसकी व्यवस्था है। इसमें सभी प्रकार की दिनचर्या या ऋतुचर्या, योग, प्राणायाम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं आयुर्वेद के चिकित्सक है और जीवन की शुरूआत इसी से की। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल में आयुष विभाग का गठन किया और आज छोटे-छोटे स्थानों में इस प्रकार के शिविर लग रहे हैं। आयुर्वेद के तहत शत-प्रतिशत गारंटी के साथ बिना किसी रियेक्शन एवं एलर्जी के यहां पर ईलाज की व्यवस्था होती है। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा एक साथ योग नृत्य प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही सार्वजनिक रूप से प्रतिदिन प्रात: योगाभ्यास कराने वालों को भी बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष श्री रमन सिंह ने कहा




कि 25 लाख रूपए की लागत से मोतीपुर रेल्वे क्रांसिंग से लेकर मुक्तिधाम तक डामरीकरण, वार्ड नंबर 3 में मंगल भवन के लिए 25 लाख रूपए, बड़े तालाब के किनारे नाली निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, सड़क किनारे पेवर ब्लॉक के लिए 11 लाख 50 हजार रूपए, फुलवारी पारा में नाली निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, वार्ड नंबर 8 की गलियों में सीसीरोड निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, मुक्तिधान में नाली निर्माण के लिए 38 लाख रूपए, मुक्तिधाम में बाउंड्री निर्माण के लिए 18 लाख रूपए और वार्ड नंबर 3 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है।पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन लोगों में विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। शहरी स्वास्थ्य योजना जब लागू हुई तब यहां स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हुआ था। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केन्द्र के निरंतर विकास के लिए प्रयास किया जा रहा है और आने वाले समय में विस्तृत रूप लेगा। उन्होंने कहा कि शासन का प्रयास आम जन को स्वस्थ रखना है और इसके लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार दोनों ही संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आयुष को एक अलग मंत्रालय के रूप में बनाया गया और इससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता भी आ रही है। राज्य सरकार के प्रयास से आम जन को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। राज्य शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है, इससे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य जारी है। इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रूपए की मांग भी रखी। इससे पहले जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करने के साथ विभागीय प्रतिवेदन का वाचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने योग नृत्य का प्रदर्शन भी किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल, श्री खुबचंद पारख, श्री रमेश पटेल, श्री संतोष अग्रवाल, श्री कोमल सिंह राजपूत, पार्षद श्री शिव वर्मा, श्री किशुन यदु, श्री कमलेश बंधे, श्रीमती रंजू मदन यादव, सुश्री मणिभास्कर गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### खुज्जी स्कूल में बच्चों को न्योता भोजन कराया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व मा.शाला खुज्जी में संकुल समन्वयक विजय कुमार जैन द्वारा प्रधान पाठक के पद पर प्रमोशन होने के उपलक्ष्य में शाला के बच्चों को न्योता भोजन में छत्तीसगढ़ी व्यंजन वितरण किया गया। बच्चे बढ़े चाव से खाए और बहुत पसंद किया गया । शाला परिवार खुज्जी के से समन्वयक विजय कुमार जैन को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।



### मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत स्वच्छता दीदी को साड़ी एवं स्वच्छता संबंधी अन्य सामग्री वितरण

**डोंगगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत डोंगरगांव के सभा कक्ष में मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत स्वच्छता दीदी को मिशन क्लीन सिटी की साड़ी एवं स्वच्छता संबंधी अन्य सामग्री वितरण किया इसी प्रकार मिशन क्लीन सिटी के भैया लोगों को यूसीलोअर टीशर्ट एवं स्वच्छता संबंधी अन्य सामग्री अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव हीरा निषाद एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत कर्मचारी एवं मिशन क्लीन सिटी के स्वच्छता दीदी एवं ड्राइवर, हेल्पर व भईया लोग उपस्थित थे।



### पुलिस का ड्रग विभाग के संयुक्त टीम ने किया मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव ड्रग्स इस्पेक्टर प्रिंयका ध्रुव की टीम व खैरागढ थाना पुलिस द्वारा संयुक्त टीम बनाकर क्षेत्र मे संचालित मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। मेडिकल दुकानों में उपलब्ध दवाईयों के स्टॉक, बिल, बिक्री रसीद, चिकित्सक के पर्ची का नियमानुसार बारिकी से चेक किया गया, सभी मेडिकल संचालको को प्रतिबंधित नशीली दवाईयां मेडिकल स्टोर्स में नही रखने, बगैर चिकित्सक के सलाह के बगैर पर्ची दवाई बिक्री नही करने के संबंध में समझाईश दी गई। पुलिस द्वारा जिले में स्कूल, कॉलेज के आसपास भी विशेष रूप से निगरानी कर नशीली दवाओं के कारोबार करने वालो पर नजर रखी जा जा रही है, आम नागरिको से भी अपील कर प्रतिबंधित नशीली दवाइयां की बिक्री के संबंध में कोई भी जानकारी होने पर अपने थाना, कंट्रोल रूम 94792-47401, या 112 मे कॉल कर जानकारी देने कहा गया है।



विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें

खैरागढ़ में, दैनिक नांदगांव टाइम्स की प्रतियों , समाचार एवं विज्ञापन के लिए उमेश्वर वर्मा, ब्यूरो चीफ से संपर्क कर सकते हैं।

मो: 8602274692/ 8770274692

खैरागढ़- छुईखदान-गण्डई

# ई.पी.एस.95 पेंशनर्स की मांगो का पूर्व सांसद मधुसूदन ने किया समर्थन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी के ई.पी.एस.95 पेंशनर्स के डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रात: 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन, लेबर कॉलोनी, तुलसीपुर, राजनांदगांव में आयोजित किया गया। यह शिविर संयुक्त रूप से सचिव ई.पी.एस. 95 पेंशनर राष्ट्रीय संघर्ष समिति, जिला ईकाई राजनांदगांव एवं ई.पी.एफओ. रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। आयोजन में पूर्व सांसद राजनांदगॉव मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश ठाकुर सहायक आयुक्त (भविष्य निधि) रायपुर ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ई.पी.एस.95 पेंशनर्स संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमाण्डर अशोक राउत एवं ई.पी.एस.95 पेंशनर्स राजनांदगॉव के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार वर्मा सहित एजाजुर रहमान ई.पी.एस.95 समन्वयक (ईस्ट इंडिया) मंच पर उपस्थित रहे। आयोजन समिति के गणमान्य सदस्यो में नजीर अहमद, बी.एम.विश्वकर्मा, देवेन्द्र कुमार रामटेके, मोहम्मद फारूख, अजय शुक्ला एवं साथियों ने पेशनर्स शिविर के आयोजन में सक्रीय रूप से सहभागिता प्रदान की। आयोजन में सर्वप्रथम अतिथिगण का स्वागत किया गया और अधिकारी सुरेश ठाकुर को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसदन के हाथों सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने आयोजन समिति द्वारा जनहित में आयोजित इस शिविर की प्रशंसा करते हुए ई.पी.एस.95 पेंशनर्स के लंबे संघर्ष को प्रेरणादायक बताया और पेंशनर्स को हरसंभव सहयोग देने के लिये अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। उन्होंने ई.पी.एस.95 पेंशनर्स को न्यूनतम प्रतिमाह 7500/- पेंशन की मांग का भी समर्थन किया। अधिकारी सुरेश ठाकुर ने मुख्यत: पेंशनर्स को केन्द्र शासन के द्वारा डी.ए. की दर में वृद्धि किये जाने पर इसका लाभ ई.पी.एस.95 पेंशनर्स को भी दिये जाने की मांग रखी। एजाजुर रहमान ने सभा कों संबोधित करते हुए कहा कि उनकी टीम विगत 11 वर्षो से हर साल नवम्बर के अंतिम सप्ताह में इस पेंशनर्स जीवित प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन कर जिले के ई.पी.एस.95 पेंशनर्स को राहत पहुॅचाने का कार्य कर रहे है। आयोजन के पश्चात् पूर्व सांसद मधुसूदन ने शिविर में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों एवं वार्डवासियों से भेंट मुलाकात करके उनका कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं का भी समाधान किया।




# शिक्षक की पिटाई से छात्र पहुंचा अस्पताल

**मामला - शासकीय हाईस्कूल बधियाटोला का**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** 13 वर्षीय छात्र को शिक्षक ने सरेआम खेल के मैदान में दौड़ा दौड़ा कर लात घुंसो से जमकर पिटाई की जिसके बाद छात्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए परिजनों को ले जाना पड़ा. यह पूरा मामला शासकीय हाईस्कूल बधियाटोला का बताया जा रहा है. 28 नवम्बर को लगभग 3 बजे बधियाटोला हाईस्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्रायें क्लास के बाहर आंगन में खेल रहे इस दौरान कुछ छात्रों ने खेल खेल में जाकर कम्प्यूटर कक्ष के दरवाजे पर लात मार दी जिससे स्कूल में पदस्थ शिक्षक ओम प्रकाश वर्मा गुस्से में आकर अध्ययनरत छात्र शोभित टंडन पिता संतोष टंडन उम्र 13 वर्ष कक्षा आठवीं के छात्र को खेल ग्राउंड मैदान में सैकड़ो छात्र छात्राओं की उपस्थिति में लात घुंसो से जमकर धुनाई कर दी जिससे छात्र के गले, हाथ पैर, गाल में गंभीर चोट आया था जिसके बाद स्कूल से घर जाकर छात्र ने इस घटना की जानकारी अपने माता पिता को दी जिसके बाद पिता ने पहले तो छात्र का स्वास्थ केंद्र में इलाज करवाया इलाज के बाद डाक्टरों ने गोली दवा देकर छात्र को घर भेज दिया. घटना व घटना के दूसरे दिन पालक इसकी शिकायत प्राचार्य से की और इस घटना के प्रकाश में आते ही दर्जन भर से अधिक जनप्रतिनिधि व गांव के लोगों ने स्कूल जाकर मामले की जानकारी लेने पहुँचे इस दौरान आरोपी शिक्षक ने जनप्रतिनिधियों से लेकर गांववासियो से अभद्रता करने लगा और आरोप लगाने लगा कि छात्र ने गलती किया था जिसके कारण हमें गुस्सा आ गया और गुस्से के कारण मैने बच्चे की अधिक पिटाई कर दी जिसका हमें अफसोस है. मामले को तुल पकड़ता देख उपस्थित जनप्रतिनिधियों व गांव वासियो ने बीच बचाव कर मामले को शांत करवाने लगे परंतु आरोपी शिक्षक ने अपना मोबाईल निकालकर उपस्थित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी,अन्य शिक्षक, पालक सहित उपस्थित पत्रकारों का वीडियो बनाने लगा जिससे विघालय में कई घंटे अफरातफरी का माहौल हो गया था. इस मौके पर शाला समिति के अध्यक्ष रामकुमार डडसेना,पूर्व अध्यक्ष दशरथ ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि शंकर चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि कुसुम दीवान, कुसुम दीवान प्राचार्य हाईस्कूल बधियाटोला, शैलेंद्र डोंगरे सहायक प्राचार्य सहित ग्रामवासी उपस्थित थे.




### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने देखा द-साबरमती स्टोरी शो

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज गंज मंडी राजनांदगांव स्थित सिलवर स्क्रिन में द - साबरमती स्टोरी शो देखा। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री प्रदीप गांधी, श्री खुबचंद पारख, श्री रमेश पटेल, श्री संतोष अग्रवाल, श्री दिनेश गांधी, श्री कोमल सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# अंजोरा बघेरा व उपरवाह सोसाइटी कभी भी हो सकती है बंद ?

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )** । वैसे तो जिले के अधिकतर सेवा सहकारी समितियां एवं उनके उपार्जन केदो में अवस्था दुर्व्यवस्था का आलम है। जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन अंजोरा बघेरा और उपरवाह समिति के बारे में पता चला है। कि यहां इतनी ज्यादा अव्यवस्था दुर्व्यवस्था है कि यह तीनों समिति कभी भी बंद हो सकती है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पिछले पंचवर्षीय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नीत कांग्रेस की सरकार थी। तब जिले सहित पूरे प्रदेश में किसानों को सोसाइटी में समर्थन दर पर धान बेचते कोई तकलीफ नहीं होती थी। उस समय समय पर टोकन मिलता था। समय पर धान बिकता था। वरदानों की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था थी। परिवहन भी बराबर हो रहा था। बफर लिमिट की समस्या परिवहन बढ़ाकर हल कर लिया जाता था। किसानों को घूम घूम कर पानी पिलाने वाले भी हुआ करते थे। अस्थाई प्रसाधनकक्षों की व्यवस्था सहकारी समितियां में हुआ करती थी लेकिन अब देखा जा रहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार में किसानों को सेवा सहकारी समितियां उनके उपार्जन केदो में धान बेचने के लिए काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार किसान हितैषी नहीं है। यदि किसान हितैषी होती तो 1 नवंबर को धान खरीदी शुरू करती लेकिन दो हफ्ता लेट करके शुरू की गई। इससे किसानों को कोचिंयो के पास और मंडी तक में अवने पौने दाम में धाम बेचकर दिवाली माननी पड़ी है। मजदूरों की मजबूरी देने छोटे-मोटे दुकानों में भी उन्हे धान बेचने की मजबूरी हुई यही धान अगर सोसाइटी में बिका होता तो किसानों को बड़ा घाटा सहना नहीं पड़ता दूसरा यह है कि किसानों को टोकन लेने के लिए भटकाया जा रहा है। ऑनलाइन और ऑफलाइन का चक्कर चलाकर सर्वर डाउन की समस्या बताई जा रही है। कुल मिलाकर राज्य सरकार की मानसिकता किसानों से समर्थन दर पर धान लेने की नहीं है। बल्कि इसे वह वादा निभाने की मजबूरी समझ रही है। श्री साहू ने कहा कि शासन के अधीन सहकारिता और विपणन संघ के माध्यम से यह व्यवस्था होती है। लेकिन देखा जाए तो दोनों में सामंजस्य का अभाव है। सोसाइटी में बारदाने की कमी है आध बारदाना किसानों से लेकर आने कहा जा रहा है। ऐसी जानकारी मिल रही है तीसरी बात यह है कि किसानों से खरीदे गए धान का जाम सोसाइटी के उपार्जन केदो में लग रहा है। जिला विपणन संघ द्वारा उचित परिवहन नहीं किए जाने से सोसाइटियों में और किसानों से धान लेने के बाद उन्हें जमा कर रखने के लिए जगह की कमी पड़ रही है। अगर परिवहन करके कस्टम मीनिंग के तहत राइस मिलर को तथा संग्रहण केदो में धान का परिवहन किया जाता तो सोसाइटी में जाम की स्थिति नहीं बनती कुल मिलाकर या सरकार किसान हितैषी कतई नहीं है। भाजपा के नेता बोलते कुछ हैं और करते कुछ हैं धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था सुधारने इस उद्देश्य से कांग्रेस ने बड़ी चिंता की है। निगरानी समिति का गठन किया जा रहा है। जो किसानों की समस्याओं को सुनेगी देखेगी और व्यवस्था सुधारने सरकार पर दबाव बनाएगी।



जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू धान उपार्जन केदो की अवस्था दुर्व्यवस्था से हुए रूबरू

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com